अनुक्रमांक __________ SET CODE - A

**ट्रेड मार्क्स एजेंट परीक्षा, 2023**

**[व्यापार चिह्न नियम, 2017 के नियम 148 के तहत]**

**पत्र-I**

**समय: 10.30 a.m. to 12.30 p.m (दो घंटे)** **पूर्णांक 100**

**अनुदेश :**

1. इस पत्र में 50 प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए बराबर अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. अभ्यर्थी उत्तर लिखने से पहले प्रश्न को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।
4. परीक्षा के दौरान किसी तकनीकी / विधायी मामले के प्रश्न पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया जाएगा।
5. कोई निगेटिव मार्किंग नहीं है।
6. "अधिनियम" और "नियम" के सभी संदर्भ को क्रमशः व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 और व्यापार चिह्न नियम, 2017 समझा जाएगा जैसा कि अब तक संशोधित और प्रयुक्त हुआ है।

**1. ट्रेड मार्क के पंजीकरण हेतु निम्नलिखित में से कौन सा सिद्धांत मान्य है?**

(a) एक ट्रेडमार्क विशिष्ट होना चाहिए और वस्तुओं या सेवाओं को अलग करने के योग्य होना चाहिए।

(b) एक ट्रेडमार्क को पहले से प्राप्त हुए ट्रेडमार्क के साथ भ्रांति पैदा नहीं करना चाहिए।

(c) एक ट्रेडमार्क को भ्रामक नहीं होना चाहिए।

(d) ऊपर लिखित सभी।

**2. निम्नलिखित में से किसे ट्रेड मार्क अधिनियम के अनुसार रजिस्टर नहीं किया जा सकता है ?**

(a) रंगों का संयोजन

(b) वस्तु का आकार

(c) आवाज़

(d) महक/ गंध

**3. ट्रेडमार्क अधिकारों का हस्तांतरण इस पद्धति से संभव है-**

(a) न्यायालय के आदेश से

(b) असाइनमेंट

(c) वसीयत

(d) ऊपर लिखित सभी।

**4. एक ट्रेडमार्क को किस धारा / धाराओं के अनुसार पंजीकरण के लिए मना किया जा सकता है**

(a) 9 एवं 11

(b) 9, 11 एवं 13

(c) केवल 9

(d) केवल11

**5. ट्रेडमार्क रजिस्ट्रार के आदेश के विरुद्ध अपील की जा सकती है**

(a) ज़िला न्यायालय

(b) उच्च न्यायालय

(c) आईपीएबी

(d) ऊपर लिखित सभी

**6. निम्न में से कौन सा ट्रेडमार्क को अस्वीकार करने का पूर्ण आधार नहीं है।**

(a) वस्तु का आकार जो वस्तु को पर्याप्त महत्व देता है।

(b) प्रसिद्ध ट्रेडमार्क

(c) आपत्तीजनक पदार्थ शामिल हैं
(d) चिह्न जो वर्तमान भाषा में प्रथागत हो गया

**7. पासींग ऑफ एक तरीक़ा है जो प्रोपराइटर के लिए उपलब्ध है**

(a) पंजीकृत ट्रेडमार्क
(b) अपंजीकृत ट्रेडमार्क
(c) (a) एवं (b) दोनों
(d) यह भारत में किसी के लिए उपलब्ध नहीं है क्योंकि यह एक सामान्य विधायी तरीका है

**8. ट्रेड मार्क के रजिस्ट्रेशन के लिए संयुक्त आवेदकों द्वारा किए गए आवेदन करने के लिए उपयुक्त कार्यालय कौन सा है**

(a) ऐसे स्थान पर जहां दोनों आवेदक परस्पर फाइल करने के लिए सहमत हों।
(b) ऐसे स्थान पर जहां किसी भी आवेदक के व्यवसाय का मुख्य स्थान है।
(c) आवेदक के व्यवसाय के मुख्य स्थान पर जिसका नाम पहले आवेदन में उल्लिखित है।
(d) आवेदक के व्यवसाय के मुख्य स्थान पर जिसका नाम आवेदन में अंतिम बार उल्लेख किया गया है।

**9. रजिस्टर से वास्तविक रूप में मार्क किए गए कितने वर्षों के भीतर गैर-उपयोग वाले ट्रेड मार्क को हटाया जा सकता है।**

(a) 3 वर्ष और 3 महीना
(b) 5 वर्ष और 3 महीना
(c) 7 वर्ष और 3 महीना
(d) 10 वर्ष और 3 महीना

**10. मैड्रिड प्रोटोकॉल को भारत में किस संशोधन के माध्यम से लागू किया गया था।**

(a) ट्रेड मार्क्स (संशोधन) अधिनियम,1999
(b) ट्रेड मार्क्स (संशोधन) अधिनियम, 2003
(c) ट्रेड मार्क्स (संशोधन) अधिनियम, 2010
(d) ट्रेड मार्क नियम, 2017

**11. निम्नलिखित में से किसे व्यापार चिह्न के रूप में रजिस्टर नहीं किया जा सकता है?**

(a) मार्क एक डिवाइस है।
(b) मार्क अक्षरों और संख्याओं के संयोजन से बना है।
(c) मार्क एक प्रतीक से बना है जिसमें कोई शब्द या अक्षर नहीं है।
(d) मार्क वस्तु के प्राकृतिक या तकनीकी आकार का प्रतिनिधित्व करता है।

**12. ट्रेड मार्क अधिनियम, 1999 को लागू किया गया।**

(a) 15 सितंबर, 1 999
(b) 15 सितंबर, 2000
(c) 15 सितंबर, 2001
(d) 15 सितंबर, 2003

**13. किसी भी ट्रेडमार्क के रजिस्ट्रेशन की तारीख क्या है**

(a) आवेदन दाख़िल करने की तारीख
(b) आवेदन की स्वीकृति की तारीख
(c) जर्नल में व्यापार चिह्न के प्रकाशन की तारीख
(d) पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करने की तारीख

**14. ट्रेडमार्क का रजिस्ट्रेशन रजिस्टर्ड प्रोपराइटर को देता है।**

(a) उपयोग करने के लिए विशेषाधिकार
(b) अतिलंघन के संबंध में राहत प्राप्त करें
(c) वैधता का प्रथम दृष्टया साक्ष्य
(d) ऊपर लिखित सभी

**15. यदि सुश्री अंजू ने अपने डिवाइस मार्क के रजिस्ट्रेशन के गलत गलत तरीके से प्रस्तुत किया है तो उसे कारावास द्वारा दंडित किया जा सकता है और उस दंड को बढ़ाया जा सकता है।**

(a) 6 महीना तक
(b) 1 वर्ष तक
(c) 3 वर्ष तक
(d) 5 वर्ष तक

**16. क्या मैड्रिड प्रोटोकॉल के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय रजिस्ट्रेशन, राष्ट्रीय स्तर पर आवेदन किए गए ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन को प्रतिस्थापित कर सकता है?**

(a) हां, यदि मूल कार्यालय में रजिस्ट्रेशन किए गए चिह्न भी अंतर्राष्ट्रीय रजिस्ट्रेशन की विषय वस्तु है, और इसके परिणामस्वरूप होने वाली सुरक्षा मूल देश में मान्य है।
(b) नहीं, अंतर्राष्ट्रीय रजिस्ट्रेशन राष्ट्रीय स्तर पर दायर ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है।
(c) हां, अंतर्राष्ट्रीय रजिस्ट्रेशन राष्ट्रीय स्तर पर दायर ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन को प्रतिस्थापित कर सकता है, हालांकि संबंधित विषय अलग है।
(d) कोई नहीं।

**17. ध्वनि चिह्न के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है;**
**जहां आवेदन में ट्रेड मार्क के रजिस्ट्रेशन के लिए ध्वनि चिह्न का वर्णन होता है, वहां आवेदक को जमा करना आवश्यक होता है**

(a) एमपी3 प्रारूप में ध्वनि का प्रतिकृति, यह एमपी4 जैसे किसी अन्य प्रारूप में नहीं किया जा सकता।
(b) ऑडियो की अवधि 30 सेकंड से अधिक नहीं होनी चाहिए।
(c) इसके नोटेशन का ग्राफिकल प्रतिरूप भी होना चाहिए।
(d) ऊपर लिखित सभी।

**18. निम्नलिखित में से कौन सा कथन रजिस्ट्रेशन के प्रमाण पत्र के संबंध में सत्य है।**

(a) इसका प्रयोग कानूनी कार्यवाही के लिए किया जा सकता है।
(b) इसका प्रयोग कानूनी कार्यवाही के लिए नहीं किया जा सकता है।
(c) इसका प्रयोग विदेश में रजिस्ट्रेशन हेतु प्रयोग नहीं किया जा सकता है।
(d) दोनों (b) एवं (c)।

**19. फॉर्म MM2(E) निम्न के लिए प्रयोग किया जाता है**

(a) अंतरराष्ट्रीय ट्रेड मार्क के नवीनीकरण के लिए
(b) अंतरराष्ट्रीय आवेदन दाखिल करने के लिए जहां भारत उत्पत्ति वाला देश है।
(c) अंतरराष्ट्रीय आवेदन के लिए जहां भारत एक नामित देश है।
(d) दोनों (b) और (c)।

**20. निम्नलिखित में से कौन ट्रेडमार्क के प्रतिषेध का सापेक्ष आधार नहीं है।**

(a) समरूप वस्तुओं/सेवाओं के लिए समान या समरूप व्यापार चिह्न।
(b) कॉपीराइट या पासिंग ऑफ के आधार पर ट्रेड मार्क के उपयोग को रोका जाता है
(c) (a) और (b) दोनों
(d) प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग के रोकथाम) अधिनियम, 1950 के तहत निषिद्ध

**21. आवेदक मैड्रिड सिस्टम के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन के लिए किस भाषा में अंतर्राष्ट्रीय आवेदन दाखिल कर सकता है**

(a) केवल अंग्रेज़ी में
(b) या तो अंग्रेजी या स्पेनिश में
(c) अंग्रेजी, स्पेनिश या फ्रेंच
(d) अंग्रेजी, फ्रेंच या जर्मन

**22. एक प्रोपराइटर ने एक आवेदन 02/02/2020 को एक व्यापार चिह्न के पंजीकरण के लिए दायर किया है और उसे रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र संख्या TM2023256897 दिनांक 30/05/2022 के अनुसार पंजीकृत किया गया है। किसी प्रतिस्पर्धी को नहीं प्रयोग करने के आधार पर सुधार किए जाने हेतु आवेदन दाखिल करने के लिए कितने समय तक प्रतीक्षा करनी चाहिए।**

(a) 02/02/2025
(b) 02/02/2027
(c) 30/05/2027
(d) 30/08/2027

**23. ट्रेड मार्क जर्नल संख्या 1987 दिनांक 15/05/2020 में एक ट्रेड मार्क प्रकाशित किया गया जिसे दिनांक 17/05/2020 को जनता के लिए उपलब्ध कराया गया। विरोध हेतु नोटिस दाखिल करने की अंतिम तिथि क्या है**

(a) 15/08/2020
(b) 17/08/2020
(c) 15/09/2020
(d) 17/09/2020

**24. एक कंपनी ने मार्क की तीन छवियों वाले सीरीज मार्क के रजिस्ट्रेशन के लिए वर्ग 3 और 25 के संबंध में एक बहु-वर्गीय आवेदन दायर किया। शुल्क की गणना करें कि काउंटर पर फाइल करने के मामले में कंपनी को कितना भुगतान करना होगा।**

(a) रू. 20,000/-
(b) रू. 40,000/-
(c) रू. 56,000/-
(d) रू. 60,000/-

**25. संयुक्त राज्य अमेरिका की एक कंपनी ने दिनांक 02/05/2001 को USPTO में और दिनांक 02/06/2001 को EUIPO में एक आवेदन दायर किया। तत्पश्चात उक्त कंपनी ने USPTO आवेदन के आधार पर कन्वेंशन प्राथमिकता का दावा करते हुए 02/10/2001 को भारत में एक आवेदन दायर किया। यदि उक्त आवेदन भारत में 02/05/2011 को पंजीकृत है, तो रजिस्ट्रेशन की तिथि क्या है।**

(a) 02/05/2001
(b) 02/06/2001
(c) 02/10/2001
(d) 02/05/2011

**26. जापान की एक कंपनी ने दिनांक 20/01/2017 को जापान के पेटेंट और ट्रेड मार्क कार्यालय में आवेदन दायर किया। इसके बाद, कन्वेंशन प्राथमिकता का दावा करते हुए 24/07/2017 को भारत में एक और आवेदन दायर किया। यदि उक्त आवेदन दिनांक 26/08/2021 को भारत में पंजीकृत है, तो पंजीकरण की तिथि क्या है।**

(a) 20/01/2017
(b) 24/07/2017
(c) 20/07/2017
(d) 26/08/2021

**27. ट्रेड मार्क अधिनियम, 1999 के तहत ट्रेड मार्क के असाइनमेंट और ट्रांसमिशन के लिए निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है।**

(a) संबंधित व्यवसाय की सद्भावना के साथ या उसके बिना एक रजिस्टर्ड ट्रेड मार्क को सौंपा या प्रेषित किया जा सकता है।
(b) एक अपंजीकृत ट्रेड मार्क को संबंधित व्यवसाय की सद्भावना के साथ या उसके बिना सौंपा या प्रेषित किया जा सकता है।

(c) एक रजिस्टर्ड ट्रेड मार्क को निर्दिष्ट या प्रेषित किया जा सकता है, या तो उन सभी वस्तुओं या सेवाओं के संबंध में जिनके संबंध में ट्रेड मार्क पंजीकृत है या उनमें से केवल कुछ सामान या सेवाएँ।

(d) ऊपर लिखित सभी

**28. NICE वर्गीकरण के 10वें संस्करण के अनुसार "प्लेइंग कार्ड्स" सामानों की विशिष्टता किस वर्ग के अंतर्गत आएगी।**

(a) 10
(b) 16
(c) 26
(d) 28

**29. अधिनियम की धारा 21(1) के अनुसार विरोध की सूचना किसके द्वारा दायर की जा सकती है।**

(a) कोई भी रजिस्टर्ड प्रोपरायटर
(b) कोई असंतुष्ट व्यक्ति
(c) कोई भी पूर्व रजिस्टर्ड प्रोपरायटर
(d) कोई व्यक्ति

**30. 01/10/1998 को ट्रेडमार्क ABC लेबल के रजिस्ट्रेशन के लिए एक आवेदन दायर किया गया। उक्त मार्क को रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र संख्या TM 2023235689 दिनांक 20/01/2023 के तहत पंजीकृत किया गया और रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रोपराइटर द्वारा उसी दिन प्राप्त किया गया। उक्त ट्रेड मार्क के नवीनीकरण के लिए रजिस्टर्ड मालिक को तारीख ............ को या उसके पहले टीएम-आर फाइल करना चाहिए।**

(a) 01/10/2008
(b) 20/04/2023
(c) 20/07/2023
(d) 20/01/2024

**31. ट्रेड मार्क्स नियम, 2017 के नियम 50(2) के अनुसार सुनवाई स्थगन के लिए अनुरोध दाखिल किया जा सकता है**

(a) सुनवाई के तीन दिन पहले
(b) सुनवाई के तीन दिन बाद
(c) सुनवाई के दिन
(d) सुनवाई नोटिस प्राप्त होने पर

**32. 01/10/2022 की तारीख वाला एक विरोध का नोटिस आवेदक को दिनांक 10/11/2022 को भेजा जाता है जो उसे दिनांक 15/11/2022 को मिलता है। नियम 44 के अनुसार आवेदक द्वारा इस तारीख के भीतर प्रति-कथन दाख़िल किया जाएगा**

(a) 01/12/2022
(b) 10/01/2023
(c) 15/01/2023
(d) 01/02/2023

**33. ट्रेड मार्क को सुज्ञात के रूप में निर्धारित करने से पहले रजिस्ट्रार आम जनता से आपत्तियाँ आमंत्रित कर सकता है जो दाखिल किया जाना चाहिए**

(a) उस आवेदन का आमंत्रित करने की तारीख से 30 दिनों के भीतर
(b) उस आवेदन का आमंत्रित करने की तारीख से 45 दिनों के भीतर
(c) उस आवेदन का आमंत्रित करने की तारीख से 60 दिनों के भीतर
(d) उस आवेदन का आमंत्रित करने की तारीख से 90 दिनों के भीतर

**34. मध्य प्रदेश का एक व्यक्ति आवेदन दाखिल करने के लिए आपसे मिलता है। उनका आवेदन किस रजिस्ट्री के क्षेत्राधिकार में होगा ?**

(a) दिल्ली
(b) चेन्नई
(c) कोलकाता
(d) मुंबई

**35. यदि, ट्रेड मार्क का प्रयोग का दावा आवेदन की तारीख से पहले किया जाता है तो आवेदक के लिए दाखिल करना आवश्यक होगा**

(a) केस का कथन
(b) दस्तावेज़
(c) उद्घोषणा
(d) सहयोगी दस्तावेज़ के तह हलफनामा

**36. धारा 26 के अनुसार जहां नवीकरण फीस नहीं देने के कारण किसी ट्रेड मार्क को रजिस्टर से हटा दिया गया है, फिर भी वह __________ के दौरान दूसरे ट्रेड मार्क के रजिस्टर होने के लिए दाखिल आवेदन के उद्देश्य में, हटाने की तारीख के बाद अगली, को पहले से ही रजिस्टर में ट्रेड मार्क माना जाएगा।**

(a) 1 वर्ष
(b) 2 वर्ष
(c) 5 वर्ष
(d) 10 वर्ष

**37. भारत में किसे किसी मार्क को सुज्ञात मार्क घोषित करने का अधिकार है**

(a) ट्रेड मार्क रजिस्ट्रार
(b) उच्च न्यायालय
(c) वायपो
(d) दोनों (a) और (b)

**38. धारा 45 के तहत आवेदन के लिए किसी समनुदेशन के मामले में परवर्ती प्रोपराइटर को रजिस्टर करने या ऑनलाइन माध्यम से ट्रेड मार्क ट्रान्सफर करने के लिए प्रत्येक ट्रेड मार्क के संदर्भ में कितनी फीस का भुगतान करना होगा?**

(a) रू.4,500/-
(b) रू. 5,000/-
(c) रू. 9,000/-
(d) रू. 20,000/-

**39. कलेक्टिव ट्रेड मार्क्स क्या इंगित करता है?**

(a) ट्रेड मार्क का प्रोपराइटर फर्म के साथ संबंध
(b) ट्रेड मार्क जो एकाधिकार के अधीन नहीं हो
(c) सभी रजिस्टर ट्रेड मार्क का एक संकलन
(d) ट्रेड मार्का का प्रोपराइटर एसोसिएशन के साथ संबंध

**40. अंतराष्ट्रीय रजिस्ट्रेशन आवेदन दाखिल करने के लिए आवेदक का मूल आवेदन/रजिस्ट्रेशन किस कार्यालय में होना चाहिए।**

(a) उत्पत्ति वाले देश में
(b) नामित देश
(c) वायपो
(d) ऊपर में से कोई नहीं

**41. मैड्रिड प्रणाली के तहत दायर आवेदन भारत को नामित करने के लिए क्या इंगित किया जाता है।**

(a) IR
(b) MM-2
(c) IRDI
(d) MM-1

**42. ट्रडेमार्क कानून संरक्षण करता है......**

(a) शब्द, संकेत या डिवाइसेज़ जो वस्तुएँ या सेवाओं को दूसरे से पृथक करता है।
(b) आविष्कार जिसमें एक प्रकार का उपयोगिता गतिविधि हो
(c) कोई विशेष व्यक्ति या स्थान का नाम
(d) सजावटी विन्यास

**43. सुधार के लिए कौन आवेदन दायर करसकता है।**

(a) कोई रजिस्टर्ड प्रोपराइटर

(b) कोई व्यक्ति

(c) कोई पूर्व प्रोपराइटर

(d) कोई असंतुष्ट व्यक्ति

**44. ट्रेड मार्क नियम 2017 के नियम 22(1) के अनुसार खोज के अनुरोध एवं प्रमाण पत्र जारी करने हेतु कौन सा फॉर्म दाख़िल किया जाएगा।**

(a) TM-C

(b) TM-P

(c) TM-M

(d) TM-R

**45. ट्रडे मार्क अधिनियम, 1999 की धारा 13 किसके रजिस्टर करने का निषेध करता है**

(a) रासायनिक तत्वों के नाम

(b) नॉन-प्रोप्राइटरि अंतरराष्ट्रीय नाम

(c) भौगोलिक उपदर्शन का नाम

(d) दोनों (a) और (b)

**46. एक HUF (हिन्दू अविभाजित परिवार) ट्रेड मार्क रजिस्टर करने के लिए आवेदन इसके माध्यम से कर सकता है**

(a) सबसे बड़ा पुरुष सदस्य

(b) सबसे बड़ा परिवार सदस्य

(c) कर्ता

(d) कोई भी वयस्क सदस्य

**47. ट्रेड मार्क्स अधिनियम, 1999 के अनुसार क्या सही कथन है**

(a) व्यापार चिह्नों से संबंधित कानून और प्रक्रिया को संशोधित और समेकित करने के लिए एक अधिनियम, व्यापार चिह्नों को रजिस्टर करने और धोखाधड़ी के मार्क के उपयोग की रोकथाम के लिए।

(b) व्यापार चिह्नों से संबंधित कानून और नियम को संशोधित और समेकित करने के लिए एक अधिनियम, माल और सेवाओं के लिए पंजीकरण और व्यापार चिह्नों की बेहतर सुरक्षा प्रदान करने

(c) व्यापार चिह्नों से संबंधित कानून को संशोधित और समेकित करने के लिए और धोखाधड़ी के निशान के उपयोग कीं रोकथाम के लिए एक अधिनियम।

(d) व्यापार चिह्नों से संबंधित कानून को संशोधित और समेकित करने के लिए एक अधिनियम, माल और सेवाओं के लिए पंजीकरण और व्यापार चिह्नों की बेहतर सुरक्षा प्रदान करने और धोखाधड़ी के निशान के उपयोग की रोकथाम के लिए।

**48. ट्रेड मार्क्स अधिनियम, 1999 की धारा 21(2) के तहत अपेक्षित प्रति कथन रजिस्ट्रार से विरोध की नोटिस की प्रति प्राप्त होने की तारीख फॉर्म TM-O पर _________ के भीतर भेजेगा।**

(a) 30 दिन

(b) 60 दिन

(c) दो महीना

(d) एक महीना

**49. दो भिन्न प्रोपराइटर द्वारा समान या समरूप वस्तुओं के संदर्भ में ट्रेड मार्क रजिस्टर किया जा सकता है**

(a) इसे सही समवर्ती उपयोग के मामले में रजिस्टर किया जा सकता है

(b) इसे अन्य विशेष परिस्थिति के लिए रजिस्टर किया जा सकता है जो रजिस्ट्रार को उपयुक्त लगे

(c) दोनों (a) और (b)

(d) यह रजिस्टर नहीं किया जा सकता है

**50. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक को प्रकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है**

प्रकथन (A): ट्रेड मार्क रजिस्ट्रेशन ट्रेडमार्क स्वामी को अनन्य प्रोपराइटरी अधिकार देता है।

तर्क (R): ट्रेडमार्क एक पहचाने जाने वाला संकेत है, डिजाइन और अभिव्यक्ति जो दूसरे स्रोत की तुलना में किसी विशेष स्रोत की वस्तु और सेवाओं की पहचान करता है और वस्तु और सेवाओं की अनन्य प्रोपराइटरी अधिकार के दावे के लिए प्रयुक्त होता है।

(a) दोनों (A) और (R) सही है और (R) (A) की सही व्याख्या है

(b) दोनों (A) और (R) सही है और (R) (A) की सही व्याख्या नहीं है

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही है

***